कानपुर नगर निगम

# निविदा सूचना

निविदा संख्या–18 / मु0अभि0 / 2025–26

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2024–25 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2024–25 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की निविदायें संख्या–07 दिनांक–26.06.2025

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

कानपुर नगर निगम

## निविदा सूचना

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2024–25 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के आधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2024–25 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु जोन वाइज निविदायें निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र मुख्य अभियंता कार्यालय एवं समस्त अधिशाषी अभियंता के कार्यालय से निविदा के एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते है । सादे प्रार्थना पत्र पर निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में जो निविदादाता नगर निगम में पंजीकृत नही है उनके लिये नगर निगम कानपुर में निम्नानुसार सर्वनिम्न निविदादाता द्वारा पंजीकरण कराया जाना आवश्यक होगा जो कि वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत ही मान्य होगा। पेवर (HMP) से जो सडकें बनायी जानी है उनके लिए आवश्यक होगा कि निविदादाता का हाटमिक्स प्लान्ट नगर निगम मुख्यालय से 50 किमी0 परिधि में होना चाहिए।

| श्रेणी | अधिकृत निविदा धनराशि | जमानती धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र | पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| सुपर "ए" (एच0एम0पी0) | हाटमिक्स प्लान्ट से किये जाने वाले समस्त कार्य | 150000/– | 50 लाख | 50000/20000.00 |
| सुपर "ए" | रूपये 50 लाख से अधिक | 75000/– | 30 लाख | 25000/15000.00 |
| "ए" | रूपये 20 लाख से अधिक 50 लाख तक | 40000/– | 20 लाख | 15000/10000.00 |
| "बी" | रूपये 5 लाख से अधिक 20 लाख तक | 25000/– | 10 लाख | 10000/5000.00 |
| "सी" | रूपये 2 लाख से अधिक 5 लाख तक | 20000/– | 02 लाख | 8000/3000.00 |

निविदा के सम्मुख अंकित जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन गेटवे के माध्यम से ही किया जायेगा।
निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर आवश्यक स्टाम्प पेपर जमा करने पर नगर निगम को निर्धारित प्रपत्रों पर कार्य पूरा कराने हेतु अनुबन्ध करना होगा । नगर आयुक्त कानपुर को बिना कारण बताये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने अथवा अन्य ठेकेदारों के मध्य कार्य विभाजन करने का अधिकार सुरक्षित है । समस्त निविदादाता निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकतें है। निविदा डालने अथवा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार डाली/खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।
निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लखित जोन वार कार्यो का अलग–अलग विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की अर्नेस्टमनी निविदा मूल्य तथा समय अवधि आदि का विवरण मुख्य अभियंता कार्यालय सम्बन्धित जोन कार्यालय एवं पी0आर0ओ0 कार्यालय में उपलब्ध कार्य विवरण सूची सूचना पट पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदा आमंत्रित है।

शर्ते :–

1. जो निविदा दाता निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नहीं लगायेगा उस दशा में उसका पंजीकरण/नवीनीकरण निरस्त करते हुये लगाई गई अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जायेगी ।
2. निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य के रूप में नगद धनराशि लगाने वाले ठेकेदारों की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा प्रपत्र में प्रतिशत उच्च/निम्न को अंको एवं शब्दों में लिखना आवश्यक है ।
4. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफामेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी ।
5. निविदा शर्तो के विरूद्ध निविदा डालने वाले ठेकेदार की जमानती धनराशि जब्त करते हुये काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
6. एकल कर प्रणाली के अन्तर्गत कार्य के देयकों पर शासन द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 की दरों के अनुसार भुगतान व कटौती की जायेगी। कार्य के आगणन में जी0एस0टी0 सम्मिलित है एवं निविदा की दर मूल आगणन पर प्रभावी होगी। निविदा मूल्य पर 18प्रतिशत जी0एस0टी0 देय होगी।
7. सडक निर्माण/सुदृढीकरण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–715/नौ–5–2018–120बजट/2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
8. निविदा में किसी प्रकार के संशोधन (यथा निविदा तिथि में वृद्धि निविदा संशोधन कार्यो की संख्या/आगणन में परिवर्तन अथवा सुधार आदि) की सूचना कानपुर नगर निगम की वेबसाइट **kmc.up.nic.in** पर व मुख्य अभियन्ता एवं अधिशाषी अभियन्ता कार्यालयों के सूचना पट पर पढ़ी व देखी जा सकती है। इस हेतु निविदा शुद्धि पत्र का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।
9. उच्च श्रेणी का ठेकेदार अपने से निम्न समस्त श्रेणियों की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकता है।
10. निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर पढी जा सकती हैं।
11. आगणन धनांक रू0–40.00 लाख से अधिक कार्यो में टी–2 प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न/अपलोड करना अनिवार्य है। धनांक रू0–40.00 लाख एवं इससे अधिक की धनराशि के समस्त कार्यो की निविदायें टू–विड निविदा पद्धति से आमंन्त्रित की जायेंगी।
12. किसी भी कार्य में ज्वाइण्ट वेंचर ठेकेदार द्वारा प्रतिभाग नही किया जा सकेगा और ज्वाइण्ट वेंचर का अनुभव भी मान्य नहीं होगा।
13. किसी भी कार्य मे एम0एस0एम0ई0 के द्वारा निर्गत पंजीकरण के आधार पर किसी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं होगी।
14. मा0 सदन में पारित प्रस्ताव के क्रम में नगर आयुक्त महोदय के आदेश पत्रांक–1057/2025–26/क दिनांक–13.06.2025 के अनुपालन में "निविदादाताओं के अवशेष कार्यों का प्रमाण पत्र/सूची संलग्न कराने के साथ–साथ जिन निविदादाताओं के पांच से अधिक कार्य (अनुबन्ध के अनुसार दी गयी समयसीमा के उपरान्त) लम्बित होने पर उनकी निविदा पर विचार न किया जाय और उनको अग्रिम आमंत्रित होने वाने निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु अयोग्य माना जाय। इसका शपथ पत्र प्रतिभागी ठेकेदार द्वारा निविदा में प्रतिभाग करते समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. क्रम सं0–01 से 04 पर अंकित कार्य की निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु केवल हॉट मिक्स प्लाण्ट धारक ठेकेदार ही अर्ह होगे।

मा0 कार्यकारिणी समिति में पारित प्रस्ताव सं0–93 के अनुक्रम में नगर आयुक्त महोदय के आदेश पत्रांक–डी/514/न0आ0/मु0अभि0/24–25 दिनांक–18.11.2024 के अनुपालन में 15प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी।

| निविदा खरीदने व अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 26.06.2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक |
|---|---|
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 26.06.2025 अपरान्ह 04.00 बजे |

| क्रमांक | कार्य का नाम | आगणन धनांक | जमानती धनराशि | निविदा मूल्य | निविदा मूल्य पर देय 18% जी0एस0टी0 | कार्य समाप्त करने की अवधि | मद का नाम | सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **ई–टेण्डर** | | | | | | | |
| 1 | जोन–1 के अन्तर्गत जगन्नाथ यात्रा मार्ग पर एच0एम0पी0 द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 975884.00 | 97588 | 1000.00 | 180 | 45 दिन | 15वां वित्त आयोग | |
| 2 | जोन–1 वार्ड–106 के अन्तर्गत रिक्की लाल तिराहा से नयागंज तक रोड का सुधार कार्य। | 992002.00 | 99200 | 1000.00 | 180 | 45 दिन | 15वां वित्त आयोग | |
| 3 | जोन–1 वार्ड–106 के अन्तर्गत हालसी रोड से रिक्की लाल तिराहा तक रोड का सुधार कार्य। | 993933.00 | 99393 | 1000.00 | 180 | 45 दिन | 15वां वित्त आयोग | |
| 4 | जोन–6 वार्ड–17 के अन्तर्गत कल्याणपुर सिंहपुर मुख्य मार्ग पर जगन्नाथ रथ यात्रा मार्ग पर हॉटमिक्स प्लाण्ट द्वारा सडक का सुधार कार्य। | 862983.00 | 86298 | 1000.00 | 180 | 45 दिन | 15वां वित्त आयोग | |
| 5 | जोन–1 वार्ड–90 के अन्तर्गत म0नं0–68/120 से 68/127ए तक पैच एवं कृष्णा ट्रेडर्स के पास सी0सी0 द्वारा गली का सुधार कार्य। | 306184.00 | 30618 | 500.00 | 90 | 30 दिन | 15वां वित्त आयोग | |

Scanned with CamScanner

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | जोन–6 वार्ड–17 बैरी स्थित चन्द्रकेश्वर मन्दिर के सामने नाली मरम्मत व ढंकने का कार्य। | 187014.00 | 18701 | 500.00 | 90 | 30 दिन | 15वां वित्त आयोग | |
| 7 | जोन–1 वार्ड–104 के अन्तर्गत जगन्नाथ मन्दिर के पास सी0सी0 पैच व जल निकासी का कार्य। | 314754.00 | 31475 | 500.00 | 90 | 30 दिन | 15वां वित्त आयोग | |

SYED FAREED AKHTER ZAIDI

Digitally signed by SYED FAREED AKHTER ZAIDI
Date: 2025.06.21 14:33:12 +05'30'

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, कानपुर

प्रतिलिपि–

1. नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ।
2. सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ताओं को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
4. रिकार्ड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, कानपुर

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner